प्रेषक,

अध्यक्ष क्रय समिति/
अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–01, आगरा।

प्रापक,

नोडल अधिकारी,
कम्प्यूटर अनुभाग,
जनपद न्यायालय, आगरा।

विषयः– **निविदा की सूचना जनपद न्यायालय आगरा की ऑफिसियल वेबसाइट www.ecourts.gov.in/agra पर उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि समिति की संस्तुति आख्या दिनांकित 28.04.2025 जिसे माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, आगरा द्वारा अनुमोदित किया गया है, के अनुक्रम में जनपद न्यायालय आगरा के आवासीय परिसर, जज कम्पाउण्ड, आगरा में स्थित आर0ओ0 वाटर प्लाण्ट का वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध सम्पादित किये जाने के लिये सील बन्द निविदा आंमत्रित किये जाने की सूचना जनपद न्यायलय आगरा की ऑफिसियल वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जानी है।

अतः संलग्न सूचना जनपद न्यायलय आगरा की ऑफिसियल वेबसाइट पर उपलब्ध कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित कर, कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षी को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

29.04.2025

अध्यक्ष क्रय समिति/
अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–01, आगरा।

# सूचना–निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय आगरा के आवासीय परिसर, जज कम्पाउण्ड ,जनपद न्यायालय आगरा में स्थापित 20,000 ली0 प्रति घण्टा क्षमता वाले 02 नग आर0ओ0 प्लान्ट तथा 1,00,000 ली0 क्षमता का भूतल पर स्थित टैंक मय 10 एच0पी0 क्षमता के ट्यूब बेल द्वारा कठोर जल को आर0ओ0 प्लाण्ट द्वारा उपचारित किये जाने के उपरांत जलापूर्ति के लिये उक्त संयन्त्र के संचालन के लिये वित्तीय वर्ष 2025–26 में (एक वर्ष की अवधि के लिये) वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध सम्पादित किये जाने के लिये दिनांक 12.05.2025 समय दोपहर 10.30 बजे तक सील बंद टैण्डर आमंत्रित किये जाते है। उक्त के सन्दर्भ में सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय नजारत अनुभाग, आगरा से प्रातः 06.30बजे से अपराह्न 01.30 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

(राजेन्द्र प्रसाद) 28/4/25

अध्यक्ष नीलाम समिति/
अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–01, आगरा।